# Based on NEP (on all parts)–6

## कार्य प्रपत्र-1

### भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण एवं वर्ण-विचार संधि, शब्द-विचार एवं शब्द-भंडार

नाम : .................. अनुक्रमांक : .................. दिनांक : ....................

**1.** भाषा किसे कहते हैं? भाषा के विभिन्न रूप कौन-कौन से हैं?

..........................................................................................

..........................................................................................

**2.** भाषा और बोली में क्या अंतर है?

..........................................................................................

..........................................................................................

**3.** लिपि किसे कहते हैं? किन्हीं पाँच लिपियों के नाम लिखिए।

..........................................................................................

..........................................................................................

**4.** संधि किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं?

..........................................................................................

..........................................................................................

**5.** शब्द किसे कहते हैं? शब्द की तीन विशेषताएँ लिखिए।

..........................................................................................

..........................................................................................

**2. सही विकल्प चुनकर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) भाषा के मुख्यत: कितने रूप हैं?

(i) तीन ☐ (ii) दो ☐

(iii) पाँच ☐ (iv) चार ☐

(ख) मुख से निकलने वाली ध्वनियों के संकेत-चिह्न कहलाते हैं–

(i) वर्ण ☐ (ii) शब्द ☐

(iii) लिपि ☐ (iv) अक्षर ☐

(ग) भारत में राजभाषा के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?

(i) अंग्रेज़ी को ☐ (ii) हिंदी को ☐

(iii) उर्दू को ☐ (iv) पंजाबी को ☐

(घ) कौन-सा शब्द तत्सम शब्द नहीं है?

(i) सूर्य ☐ (ii) हाथ ☐

(iii) मुख ☐ (iv) दधि ☐

(ङ) 'नीलकंठ' कैसा शब्द है?

(i) रूढ़ ☐ (ii) यौगिक ☐

(iii) तकनीकी ☐ (iv) योगरूढ़ ☐

**3. नीचे दिए गए वाक्यों के रिक्त स्थानों में सही शब्द लिखिए–**

(क) हम अपने मन के भाव ························ के द्‌वारा प्रकट करते हैं।

(ख) कविता, कहानी, उपन्यास आदि में ························ भाषा का प्रयोग होता है।

(ग) भारत के अधिकांश भागों में ························ भाषा बोली-समझी जाती है।

(घ) लिखित भाषा में हम ························ और ························ विचार प्रकट करते हैं।

(ङ) ························ देश के विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषा होती है।

(च) ························ से हम वर्ण, शब्द और वाक्य के शुद्‌ध रूप को जानते हैं।

**रचनात्मक अभिव्यक्ति** **VBQs/HOTs**


**4. मूल्यपरक प्रश्न/उच्चस्तरीय बौद्‌धिक कौशल**

(क) यदि आपका कोई जानकार आपसे बात करते समय अभद्र शब्दों का प्रयोग करता है, तो आप किस प्रकार उसे सभ्य भाषा का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे?

(ख) कक्षा के कुछ छात्र आपस में लड़ाई-झगड़ा करते हैं। उनके बीच संधि करवाने के लिए आप क्या करेंगे?

(ग) **गतिविधि**

चित्र देखकर शब्द लिखिए तथा उसका संधि-विच्छेद कीजिए–

| **चित्र** | **शब्द** | **संधि-विच्छेद** |
|---|---|---|
|  | ........................ | ........................ |
|  | ........................ | ........................ |
|  | ........................ | ........................ |

**5. जीवन-कौशल गतिविधियाँ** **Life Skills**

भारत में बोली जाने वाली भाषाएँ दुनिया के बाकी देशों से कहीं ज़्यादा है। हर भाषा की अनेक बोलियाँ हैं। अलग-अलग बोली में स्वागत के लिए बोली जाने वाले शब्द ढूँढ़कर देवनागरी लिपि में लिखिए।

# कार्य प्रपत्र-2

**उपसर्ग, प्रत्यय, समास एवं संज्ञा लिंग, वचन एवं कारक**

नाम : ................ अनुक्रमांक : ................ दिनांक : ..................

**1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) 'अवगुण' में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(i) आ ☐ (ii) अप ☐

(iii) अव ☐ (iv) अन् ☐

(ख) कौन-सा शब्द 'सु' उपसर्ग लगाकर नहीं बना?

(i) सुपुत्र ☐ (ii) सुशील ☐

(iii) सुंदर ☐ (iv) ये सभी ☐

(ग) 'प्रतिदिन' में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(i) टू ☐ (ii) प्रति ☐

(iii) ई ☐ (iv) दिन ☐

(घ) 'भारतीय' में कौन-सा प्रत्यय है?

(i) भारत ☐ (ii) इय ☐

(iii) ईय ☐ (iv) य ☐

(ङ) कौन-से शब्द में 'इन' प्रत्यय नहीं लगा है?

(i) लुहारिन ☐ (ii) ग्वालिन ☐

(iii) पीड़ित ☐ (iv) कहारिन ☐

**2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित समस्तपदों का समास विग्रह कर वाक्यों में लिखिए–**

(क) आज़ाद की <u>देशभक्ति</u> अतुल्य है।

..........................................................................................

(ख) लक्ष्मी के पति <u>चक्रपाणि</u> है।

..........................................................................................

(ग) यथासंभव दूसरों की सहायता करनी चाहिए।

..........................................................................................

(घ) मेरे माता-पिता दिल्ली में रहते हैं।

..........................................................................................

(ङ) बरसात के महीने को चौमासा भी कहते हैं।

..........................................................................................

**3. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्दों पर गोला ( ◯ ) लगाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | लुहारिन | जाट | देवरानी | इंद्राणी |
| (ख) | मोरनी | हंसिनी | हिरनी | ऊँट |
| (ग) | स्वामिनी | तपस्विनी | युवती | युवक |
| (घ) | ब्राह्मणी | विदुषी | ठकुराइन | सुनार |

**4. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए–**

(क) पढ़ – ...................... (ख) चमक – ......................

(ग) चिकना – ...................... (घ) लड़का – ......................

**5. जीवन-कौशल** **Life Skills**

(क) जब मानोगे बेटा-बेटी को एक समान

तभी बनेगा देश महान

उपरोक्त विषय पर कक्षा में चर्चा आयोजित कीजिए।

(ख) प्रत्येक बच्चे में कोई-न-कोई गुण अवश्य पाए जाते हैं। अपने एक-एक गुण को जोड़े और देखे कि मिलकर कितने गुण बने?

(ग) जिस प्रकार कारक के सहारे वाक्य के शब्द क्रिया के साथ जुड़े रहते हैं, इसी भाँति हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी हमारे परिवार को आपस में जोड़े रखते हैं।

**6. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) 'कलम से' में कौन-सा कारक है?

(i) कर्ता ☐ (ii) करण ☐

(iii) कर्म ☐ (iv) संप्रदान ☐

(ख) 'रेखा के लिए' में कौन-सा कारक है?

(i) करण ☐ (ii) अपादान ☐

(iii) संप्रदान ☐ (iv) कर्ता ☐

(ग) 'पेड़ पर' में कौन-सा कारक है?

(i) संबोधन ☐ (ii) अधिकरण ☐

(iii) अपादान ☐ (iv) संप्रदान ☐

(घ) 'वह कार से आया।' रंगीन पदों में कौन-सा कारक है?

(i) करण कारक ☐ (ii) अपादान कारक ☐

(iii) कर्म कारक ☐ (iv) संबंध कारक ☐

(ङ) 'भिखारी को भोजन दे दो।' रंगीन पदों में कौन-सा कारक है?

(i) कर्म कारक ☐ (ii) संप्रदान कारक ☐

(iii) संबंध कारक ☐ (iv) करण कारक ☐

# कार्य प्रपत्र-3

**सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया काल, अव्यय : क्रियाविशेषण एवं संबंधबोधक**

नाम : ................    अनुक्रमांक : ................    दिनांक : ..................

**1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वनाम का भेद नहीं है?

(i) भाववाचक ☐ (ii) पुरुषवाचक ☐
(iii) निजवाचक ☐ (iv) प्रश्नवाचक ☐

(ख) '<u>कोई</u> जा रहा है।' वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम का कौन सा भेद है?

(i) पुरुषवाचक ☐ (ii) अनिश्चतवाचक ☐
(iii) निजवाचक ☐ (iv) संबंधवाचक ☐

(ग) '<u>कौन</u> आया है?' वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम का कौन-सा भेद है?

(i) निश्चयवाचक ☐ (ii) संबंधवाचक ☐
(iii) प्रश्नवाचक ☐ (iv) पुरुषवाचक ☐

(घ) '<u>तुम</u> यहाँ से जाओ।' रेखांकित शब्द कौन-सा सर्वनाम है?

(i) निजवाचक ☐ (ii) मध्यम पुरुषवाचक ☐
(iii) उत्तम पुरुषवाचक ☐ (iv) अन्य पुरुषवाचक ☐

(ङ) कौन-सा संबंधवाचक सर्वनाम नहीं है?

(i) हम ☐ (ii) जैसा ☐
(iii) वैसा ☐ (iv) जिसने ☐

(च) 'बच्चा अभी-अभी सोया है।' वाक्य में काल के भेद का सही विकल्प चुनिए–

(i) भूतकाल ☐ (ii) वर्तमान काल ☐
(iii) भविष्यत् काल ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(छ) 'वह आता होगा।' वाक्य में काल के भेद का सही विकल्प चुनिए–

(i) भूतकाल ☐ (ii) वर्तमान काल ☐

(iii) भविष्यत् काल ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ज) 'ऋतु बाहर मत खेलो।' रंगीन शब्द है–

(i) क्रियाविशेषण ☐ (ii) संबंधबोधक ☐

(iii) कालवाचक ☐ (iv) विस्मयादिबोधक ☐

(झ) 'घर के सामने नीम का वृक्ष था।' रंगीन शब्द है–

(i) क्रियाविशेषण ☐ (ii) संबंधबोधक ☐

(iii) समतावाचक ☐ (iv) समुच्चयबोधक ☐

(ञ) 'आगे मत बढ़ो।' रंगीन शब्द है–

(i) क्रियाविशेषण ☐ (ii) संबंधबोधक ☐

(iii) विरोधवाचक ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ट) 'छत के नीचे पशु बँधे थे।' रंगीन शब्द है–

(i) क्रियाविशेषण ☐ (ii) संबंधबोधक ☐

(iii) विशेषण ☐ (iv) सर्वनाम ☐

**2. रेखांकित सर्वनामों के भेद लिखिए–**

(क) वह स्वयं आ गया। ...........................

(ख) भिखारी को कुछ खाने के लिए दीजिए। ...........................

(ग) उन्होंने ठीक ही कहा था। ...........................

(घ) तुमने उससे बात की? ...........................

(ङ) श्वेता ने उसकी तारीफ़ की। ...........................

**3.** नीचे लिखे वाक्यों में से संख्यावाचक और परिमाणवाचक विशेषण छाँटकर लिखिए–

(क) आज उसका पाँचवाँ व्रत है। ...........................

(ख) राजू के पास कुछ रुपये हैं। ...........................

(ग) दो किलो मक्का ले जाओ। ..............................

(घ) ज़्यादा मिठाई मत खाओ। ..............................


(ङ) एक लीटर पेट्रोल कम दाम में मिल रहा है। ..............................

## रचनात्मक अभिव्यक्ति — Creative Skills

4. (क) **यह भी**

सभी में कुछ कमियाँ होती हैं और कुछ गुण। अपने गुण तथा दोषों को पहचानिए तथा नीचे दिए टोकरी में लिखिए–

**गुण** **दोष**



(ख) **जीवन-कौशल गतिविधियाँ**

आपके चरित्र में ऐसी कौन–सी विशेषताएँ होनी चाहिए, जिससे आप समाज के सभ्य नागरिक कहलाएँ। ऐसी दस विशेषताएँ लिखिए।

(ग) **गतिविधि**

अपने परिवार के सदस्यों के नाम के पहले अक्षर से विशेषण शब्द सोचकर लिखिए–

| | **नाम** | **विशेषण** |
|---|---|---|
| **उदाहरण** | ..........भावेश.......... | .........भावुक......... |
| | .............................. | .............................. |
| | .............................. | .............................. |

# कार्य प्रपत्र-4

**समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक वाक्य, अशुद्ध-शोधन, विराम-चिह्न, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ**

नाम : ................. अनुक्रमांक : ................. दिनांक : ...................

**1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) जो समुच्चयबोधक शब्द जोड़ने के काम आते हैं, वे कहलाते हैं–

(i) विभाजक ☐ (ii) संयोजक ☐

(iii) विकल्पसूचक ☐ (iv) परिमाणदर्शक ☐

(ख) निम्नलिखित में संयोजक शब्द है–

(i) परंतु ☐ (ii) तथा ☐

(iii) या ☐ (iv) क्योंकि ☐

(ग) यह शब्द विकल्पसूचक नहीं है–

(i) अन्यथा ☐ (ii) अथवा ☐

(iii) क्योंकि ☐ (iv) परंतु ☐

(घ) जिन शब्दों का प्रयोग उद्देश्य की विशेषता बताने के लिए किया जाए, उसे क्या कहते हैं?

(i) उद्देश्य ☐ (ii) कर्म का विस्तार ☐

(iii) विधेय का विस्तार ☐ (iv) उद्देश्य का विस्तार ☐

(ङ) वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, उसे कहते हैं–

(i) उद्देश्य का विस्तार ☐ (ii) विधेय ☐

(iii) विधेय का विस्तार ☐ (iv) क्रिया का विस्तार ☐

(च) 'प्रभा, प्रिया और ललित पढ़ता है।' इस वाक्य में कौन-सी अशुद्धि है–

(i) लिंग संबंधी ☐ (ii) वचन संबंधी ☐

(iii) संज्ञा संबंधी ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(छ) 'चारों पुत्रों का नाम बताओ।' इस वाक्य में कौन-सी अशुद्धि है–

(i) लिंग संबंधी ☐ (ii) वचन संबंधी ☐

(iii) संज्ञा संबंधी ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ज) 'मैं नया शर्ट पहनूँगा।' इस वाक्य में कौन-सी अशुद्धि है–

(i) विशेषण संबंधी ☐ (ii) वचन संबंधी ☐

(iii) लिंग संबंधी ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

**2. निम्नलिखित विस्मयादिबोधक अव्यय शब्दों के नाम कोष्ठक में लिखिए–**

(क) छी:!, अरे!, धिक्! (............................)

(ख) शाबाश!, धन्य-धन्य!, वाह-वाह! (............................)

(ग) हाय!, हाय-हाय!, ओह! (............................)

(घ) ओ!, अरे!, अजी!, सुनो! (............................)

(ङ) अच्छा!, बहुत अच्छा!, ठीक! (............................)

**रचनात्मक अभिव्यक्ति** **VBQs/HOTs**

**3.** (क) मूल्यपरक प्रश्न/उच्चस्तरीय बौद्धिक कौशल

एक वाक्य में कौन-से गुण होने चाहिए?

(ख) यदि वार्तालाप करते समय विराम-चिह्नों का उचित प्रयोग न किया जाए, तो प्रस्तुतीकरण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ग) मुहावरों तथा लोकोक्तियों का प्रयोग करने से भाषा प्रभावशाली बनती है। क्या आप सहमत है? उदाहरण देकर समझाइए।

**4. जीवन-कौशल गतिविधियाँ** **Life Skills**

(क) विराम का अर्थ है–रुकना। यह बताता है कि जीवन में ठहराव भी कितना ज़रूरी है। हमें जीवन में कब, कहाँ, कितना रुकना चाहिए? इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए।

**5. नीचे दी गई लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए तथा वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

(क) चोर की दाढ़ी में तिनका – ....................................................

..........................................................................................

(क) जैसे को तैसा – ....................................................

..........................................................................................

(क) एक पंथ दो काज – ....................................................

..........................................................................................

(क) अंधों में काना राजा – ....................................................

..........................................................................................